**NEWS CLIPPING: 09.08.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# त्रिवर्षीय राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री को निमंत्रण पत्र भेंट करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व पुष्पेंद्र राठी ● जागरण

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में 23 से 25 नवंबर तक होने वाले भारतीय शिक्षण मंडल के त्रिवर्षीय राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। यह जानकारी भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष और वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दी।

प्रो. दिनेश कुमार, भारतीय शिक्षण मंच राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकुल कानिटकर तथा प्रदेश प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र राठी ने मुख्यमंत्री को अधिवेशन का निमंत्रण पत्र चंडीगढ़ स्थित निवास स्थान पर भेंट किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। मुकुल कानिटकर ने उन्हें अवगत करवाया कि शिक्षा के क्षेत्र में विगत 49 वर्षों से कार्य कर रहे भारतीय शिक्षण मंडल का राष्ट्र उत्थान में अहम योगदान है। यह संगठन जागरण, प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा प्रकाशन जैसे समाज में अपनी भागीदारी निभा रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रम तथा संगोष्ठियां आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से लगभग 2500 शिक्षाविद् व बुद्धिजीवी हिस्सा लेंगे। अधिवेशन में राष्ट्रीय सेवक संघ के सरकार्यवाहक सुरेश भैयाजी जोशी के भी शिरकत करने की संभावना है।

**NEWS CLIPPING: 09.08.2018**

**PUNJAB KESARI**

# फरीदाबाद में होगा भारतीय शिक्षण मंडल का तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन

## अधिवेशन में शिरकत करेंगे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल



*मुख्यमंत्री को निमंत्रण पत्र भेंट करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व पुष्पेन्द्र राठी।*

फरीदाबाद, 8 अगस्त (ब्यूरो): भारतीय शिक्षण मंडल का त्रिवर्षीय राष्ट्रीय अधिवेशन 23 से 25 नवम्बर, 2018 तक फरीदाबाद में आयोजित किया जायेगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल उपस्थित रहेंगे।

यह जानकारी वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कुलपति तथा भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भेंटवार्ता के उपरांत दी। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार, भाशिमं के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकुल कानिटकर ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय अधिवेशन का निमंत्रण पत्र भी भेंट किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय अधिवेशन का निमंत्रण स्वीकार किया। मुख्यमंत्री के साथ भेंटवार्ता के दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकुल कानिटकर ने उन्हें अवगत करवाया कि शिक्षा के क्षेत्र में विगत 49 वर्षों का कार्य कर रहे भारतीय शिक्षण मंडल का राष्ट्रोथान में अहम योगदान है।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Thu, 09 August 2018
epaper.punjabkesari.in/c/31062914

**NEWS CLIPPING: 09.08.2018**

**PUNJAB KESRI (DELHI)**

# अधिवेशन में शिरकत करेंगे सीएम

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। भारतीय शिक्षण मंडल भाशिमं का त्रिवर्षीय राष्ट्रीय अधिवेशन 23 से 25 नवम्बर, 2018 तक फरीदाबाद में आयोजित किया जायेगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कुलपति तथा भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष प्रो दिनेश कुमार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से उनके चंडीगढ़ स्थित निवास पर भेंटवार्ता के उपरांत दी। इस अवसर पर प्रो दिनेश कुमार, भाशिमं के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकुल कानिटकर तथा प्रांत मंत्री हरियाणा पुष्पेन्द्र राठी ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय अधिवेशन का निमंत्रण पत्र भी भेंट किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय अधिवेशन का निमंत्रण स्वीकार किया तथा आयोजकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री के साथ भेंटवार्ता के दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकुल कानिटकर ने उन्हें अवगत करवाया कि शिक्षा के क्षेत्र में विगत 49 वर्षों का कार्य कर रहे भारतीय शिक्षण मंडल का राष्ट्रोथान में अहम योगदान है। यह संगठन जागरण, प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा प्रकाशन जैसे समाज में अपनी भागीदारी निभा रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा स्वर्ण जयंती वर्षोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रम तथा संगोष्ठियां आयोजित करने का निर्णय लिया है। संगठन द्वारा विगत वर्ष दिल्ली में आयोजित भारत बोध् कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी मुख्य अतिथि थे। इसी प्रकार, संगठन द्वारा उज्जैन में अप्रैल माह में अंतर्राष्ट्रीय विराट गुरूकुल सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें दस देशों के 800 से ज्यादा प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे। इसी कड़ी में संगठन फरीदाबाद में राष्ट्रीय अधिवेशन के रूप में तीसरा राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। श्री पुष्पेन्द्र राठी ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि संगठन द्वारा फरीदाबाद में आयोजित किये जाने वाले अधिवेशन में देशभर से लगभग 2500 शिक्षाविद् व बुद्धिजीवी हिस्सा लेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि इस अधिवेशन में राष्ट्रीय सेवक संघ के सरकार्यवाहक सुरेश भैयाजी् जोशी के अलावा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित होंगे।



मुख्यमंत्री मनोहर लाल का अधिवेशन का न्यौता देते हुए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कुलपति प्रो दिनेश कुमार।(छाया:राकेश देव)

**DAINIK BHASKAR**

## फरीदाबाद में होगा भारतीय शिक्षण मंडल का त्रिवर्षीय राष्ट्रीय अधिवेशन

**फरीदाबाद|** भारतीय शिक्षण मंडल का त्रिवर्षीय राष्ट्रीय अधिवेशन 23 से 25 नवंबर तक फरीदाबाद में होगा। इसमें सीएम मनोहर लाल भी उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन में देशभर से लगभग 2500 शिक्षाविद् व बुद्धिजीवी हिस्सा लेंगे। वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के कुलपति व भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार ने सीएम मनोहर लाल से उनके चंडीगढ़ स्थित निवास पर भेंट की। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार, मंडल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकुल कानिटकर व प्रांत मंत्री (हरियाणा) पुष्पेंद्र राठी ने सीएम को राष्ट्रीय अधिवेशन का निमंत्रण पत्र भेंट किया। सीएम ने भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय अधिवेशन का निमंत्रण स्वीकार कर लिया।

**NEWS CLIPPING: 09.08.2018**

**NAVBHARAT TIMES**

# होगा अधिवेशन

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** भारतीय शिक्षण मंडल त्रिवर्षीय राष्ट्रीय अधिवेशन 23 से 25 नवंबर तक फरीदाबाद में आयोजित किया जाएगा। इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल उपस्थित होंगे। वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के कुलपति व मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष प्रफेसर दिनेश ने बताया कि सीएम ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। अधिवेशन में देशभर से 2500 शिक्षाविद हिस्सा लेंगे।

**NEWS CLIPPING: 09.08.2018**

**HINDUSTAN**

# शिक्षण कार्यक्रम में सीएम आएंगे

**फरीदाबाद।** भारतीय शिक्षण मंडल का त्रिवर्षीय राष्ट्रीय अधिवेशन इस बार वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

23 से 25 नवंबर तक होने वाले इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल उपस्थित रहेंगे। ये जानकारी वाईएमसीए के कुलपति तथा भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार ने दी।भारतीय शिक्षण मंडल जागरण, प्रशिक्षण जैसे कार्यों में लगा है।